# शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा

## जुलाई 2017

1. वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 22.07.2017 को महाविद्यालय में जिला बलौदाबाजार कलेक्टर श्री राजेश सिंह राणा, एस.डी.एम श्री सचिन भूतड़ा, तहसीलदार श्री महेश सिंह राजपूत एवं नायाब तहसीलदार श्री राकेश देवांगन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय में सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा लगभग 150 पौधे रोपे गए।
2. मतदान जागरूकता विषय वस्तु पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को कलेक्टर श्री राजेश सिंह राणा द्वारा पुरस्कृत किया गया।
3. कलेक्टर श्री राजेश सिंह राणा द्वारा छात्र–छात्राओं को कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम ''नई दिशायें'' के अंतर्गत सम्बोधित किया गया एवं उनकी कैरियर से संबंधित शंकाओं का समाधान किया गया।
4. एक्सिस बैंक एवं अम्बुजा सीमेंट बैंकुठ द्वारा महाविद्यालय में कैम्पस सिलेक्शन का आयोजन किया गया।

## अगस्त 2017

1. महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 23/08/2017 को मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 16 छात्राओं ने भागीदारी की।
2. महाविद्यालय में दिनांक 21/08/2017 से 30/08/2017 तक अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमति निधि गुप्ता द्वारा छात्र–छात्राओं के उन्मुखीकरण हेतु निशुल्क "English Grammar Classes" का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 40 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।
3. महाविद्यालय ने दिनांक 31/08/2017 को आयोजित सेक्टर स्तरीय महिला बैडमिन्टन प्रतियोगिता की मेजबानी की जिसमें शासकीय डी. के. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार, शासकीय महाविद्यालय कोहका–नेवरा, सेंचुरी सीमेंट महाविद्यालय बैकुण्ठ, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुन्द एवं शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी की टीमें शामिल हुई। शासकीय महाविद्यालय कोहका नेवरा की टीम विजेता रही जिनके क्रीड़ाधिकारी श्री बी.सी.साहा है। मेजबान महाविद्यालय शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा की टीम उपविजेता रही।

# सितम्बर 2017

1. दिनांक 14 सितम्बर 2017 को हिन्दी विभाग द्वारा साहित्यकार बलदेव भारती मुख्य आतिथ्य में हिन्दी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ''एकाक्षरा'' का विमोचन व लोकार्पण साहित्यकार बलदेव भारती द्वारा किया गया।
2. जल संरक्षण के उदेश्य की पूर्ति हेतु दिनांक 16/09/2017 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उपकोषालय कार्यालय, भाटापारा में वाटर हारवेस्टिंग हेतु गड्ढा खोदा गया।
3. स्वच्छता, साक्षरता एवं शौचालय के उपयोग करने की जागरूकता हेतु महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा गोदग्राम सूरजपूरा में दिनांक 23/09/2017 को स्वच्छता रैली आयोजित की गई जिसके माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया गया एवं जल संरक्षण तथा शिक्षा का महत्व बताया गया। छात्र–छात्राओं द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र व अन्य स्थानों की साफ–सफाई की गई।
4. दिनांक 22 एवं 23 सितम्बर 2017 को बागबाहरा महाविद्यालय में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र सागर वर्मा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ। बैडमिन्टन में महाविद्यालय द्वारा सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी की गई जिसमें महाविद्यालय से 01 छात्रा का तथा 03 छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ। बास्केट बॉल में छात्रा वर्ग से 06 छात्राओं एवं छात्र वर्ग से 01 छात्र का राज्य स्तरीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ एवं बॉलीबॉल प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से 01 छात्र का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ।
5. डॉ. नरेश कुमार वर्मा प्राध्यापक– हिन्दी ने नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर, महाराष्ट्र द्वारा ''मीडिया और साहित्य'' पर केन्द्रित अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी दिनांक 07 से 09 सितम्बर 2017 में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

# अक्टूबर 2017

1. क्षेत्र स्तरीय अंर्तमहाविद्यालयीन महिला खो–खो प्रतियोगिता पलारी में दिनांक 09 अक्टूबर 2017 को महाविद्यालय से छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें महाविद्यालय की खो–खो टीम विजेता रही।
2. दिनांक 12 अक्टूबर 2017 को भारतीय स्टेट बैंक भाटापारा के अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को बैंकिग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
3. डॉ. ऋषिराज पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक– इतिहास द्वारा लिखित पुस्तक ''युगप्रवर्तक पंडित सुंदरलाल'' समग्र प्रकाशक छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी का विमोचन माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर 2017 को किया गया।
4. राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र/छात्रा इकाई द्वारा भाटापारा शहर में जागरूकता रैली का आयोजन दिनांक 14/10/2017 को किया गया, जिसका विषय पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, शिक्षा व पटाखों पर नियंत्रण रहा।इस रैली में महाविद्यालय की प्राचार्य, समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र–छात्राएं सम्मिलित हुए।
5. दिनांक 14/10/2017 को राज्य स्तरीय कुश्ती पुरूष प्रतियोगिता में छात्र सागर बंजारे ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
6. दिनांक 16 अक्टूबर 2017 को कोरबा महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय महिला खो–खो प्रतियोगिता में महाविद्यालय से चार छात्राएं कु. रामकुमारी, हिना साहू, बृजकुमारी एवं दीपाली रहले का चयन हुआ। जिसमे से कुमारी दीपाली रहले, बी.एस.सी. प्रथम का विश्वविद्यालयीन स्तरीय महिला खो–खो प्रतियोगिता में चयन किया गया।
7. दिनांक 15 से 17 अक्टूबर 2017 को गुरू घासीदास केन्द्रिय विश्वविद्यालय, बिलासपुर ''भारत नवोन्मेष'' विषय पर आयोजित 03 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्राचार्य एवं 03 प्राध्यापकों डॉ. निशा शर्मा, डॉ. सी. अनुपा तिर्की तथा डॉ. ऋषिराज पाण्डेय द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
8. दिनांक 24 अक्टूबर 2017 को क्षेत्र स्तरीय अंर्तमहाविद्यालयीन कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता सरायपाली में महाविद्यालय के छात्र सहभागी रहें। जिसमें दिनांक 26 अक्टूबर 2017 को आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता में एक छात्र कलेश्वर वर्मा का चयन हुआ।
9. क्षेत्र स्तरीय अंर्तमहाविद्यालयीन महिला कबड्डी प्रतियोगिता बिलाईगढ़ दिनांक 28 अक्टूबर 2017 को महाविद्यालय से छात्रा टीम सम्मिलित हुई। जिसमें कुमारी दिनेश्वरी साहू का राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिये चयन किया गया।
10. महाविद्याल के विज्ञान संकाय के छात्र–छात्राओं को दिनांक 30.10.2017 को दाऊ कल्याण कृषि महाविद्यालय, भाटापारा में कौशल विकास उन्नयन कार्यक्रम के तहत दीपमाला किण्डो द्वारा मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें महाविद्यालय के लगभग 35 छात्र–छात्राओं की सहभागिता रही थी
11. दिनांक 30 अक्टूबर 2017 से प्रारंभ सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं स्टाफ द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन में भूमिका निभाने हेतु शपथ ली गई।
12. राष्ट्रीय एकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
13. जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र अब्दुल कादिर ने वाद–विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## नवम्बर 2017

01. वाणिज्य संकाय द्वारा जी.एस.टी. पर कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक आयुक्त वाणिज्यिक कर (भाटापारा) श्री जी.एल.ओगरे, वाणिज्यिक कर निरीक्षक परमेश्वर बघेल तथा डी.एस.मांझी (प्रोग्राम आपरेटर) मुख्यवक्ता थे। उक्त कार्यक्रम में सहायक आयुक्त द्वारा जी.एस.टी. के पंजीयन, कर निर्धारण, कर भुगतान (आनलाईन), करयोग्य, करमुक्त वस्तुओं, जी.एस.टी. की विशेषताओं, वेट आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।
02. दिनांक 10.11.2017 को महाविद्यालय ने सेक्टर स्तरीय पुरूष वर्ग खो खो प्रतियोगिता की मेजबानी की जिसमें सेक्टर स्तरीय विजेता बलौदाबाजार महासमुंद सेक्टर की टीम रही।
03. दिनांक 13.11.2017 को महाविद्यालय ने राज्य स्तरीय खो खो (पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता की मेजबानी की। जिसमे राज्य के विभिन्न 09 सैक्टरों से टीमों ने प्रतिभागिता की। विजेता दुर्ग सेक्टर की टीम रही। प.र.शं. शु. वि.वि. की टीम में भाटापारा महाविद्यालय से 05 छात्रों का चयन किया गया। ये सभी वि.वि. की ओर से इंटर वि.वि. खेलने वी.बी.एस. वि.वि. जौनपुर गई है।
04. दिनांक 21/11/2017 को राजनीति विज्ञान परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री गणेशराम पटेल, व्यवहार न्यायाधीश, श्री अजीत कुमार राजभानू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा संविधान की आवश्यकता एवं भारतीय संविधान पर विस्तार पूर्वक व्यख्यान दिया गया जिसमें छात्रों ने प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।
05. दिनांक 22/11/2017 को मद्कूद्वीप में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं को पुरातात्विक धरोहर एवं उनके संरक्षण के विषय में जानकारी दी गई। नदियों के संरक्षण एवं पॉलीथिन मुक्ति के विषय पर जागरूकता प्रदान की गई।
06. दिनांक 27.11.2017 का महाविद्यालय में संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली गई। जिसमें प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी छात्र–छात्राये उपस्थित रहे।

## दिसम्बर 2017

01. दिनांक 01/12/2017 को महाविद्यालय की रेडक्रास समिति, सोशल वैलेफेयर सोसायटी भाटापारा एवं HLFPPT के संयुक्त तत्वाधान में लक्ष्यगत परियोजना के अंतर्गत एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एड्स से बचाव हेतु सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई।
02. दिनांक 02/12/2017 को महाविद्यालय में बड़ी कोनी द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें इन्सूलिन एवं स्टीविया प्लांट के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।
03. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा संयुक्त इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 05/12/2017 से 11/12/2017 तक ग्राम लेवई (सिंगारपुर) में आयोजित किया गया। उक्त शिविर में पशुधन की जानकारी, पशुओं का टीकाकरण, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक जानकारी प्रदान की गई। स्वयं सेवकों द्वारा खो–खो, कबड्डी और बॉलीबाल मैदान का निर्माण किया गया, साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु स्कूल प्रांगण की सफाई, समतलीकरण, ग्राम के चौराहों की सफाई, सोख्ता गड्डों का निर्माण, हैडपंप की सफाई, सामुदायिक भवनों की साफ सफाई, शीतला मंदिर परिसर की सफाई आदि का कार्य किया गया।
04. दिनांक 04 दिसम्बर 2017 को महाविद्यालय की रेडक्रॉस समिति एवं एच.डी.एफ.सी.बैंक द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कुल 35 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया।
05. दिनांक 07/12/2017 को महाविद्यालय में रोजगार मार्गदर्शन समिति द्वारा दैनिक भास्कर के माध्यम से रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रोजगार से संबंधित सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई तथा छात्र–छात्राओं की जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान किया गया।
06. दिनांक 11/12/2017 को महाविद्यालय में प्राचार्य, सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा मानवाधिकार की रक्षा हेतु शपथ ली गई।
07. पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर दिनांक 07/12/2017 को महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
08. दिनांक 12 दिसम्बर 2017 को राज्य सरकार के 14 वर्ष पूर्ण होने पर एवं आगामी 12 जनवरी 2018 को स्वामी विवेकानंद जंयती के संयुक्त अवसर पर छ.ग. राज्य युवा आयोग एवं स्टेट डव्लपमेंट एंड रिसर्च सेन्टर रायपुर द्वारा युवाओं के लिए यूथ स्पार्क... खेलेगा छ.ग. जीतेगा छ.ग. कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
09. स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के अंतर्गत छोटा भीम कैप्टन क्लीन कैम्पेन के तहत दिनांक 19/12/2017 को कैप्टन क्लीन स्वच्छ निबंध प्रतियोगिता, लघुकथा प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा प्रतियोगिता एवं फोटोग्राफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजयी प्रतिभागियों के नाम निकाय भेजे गए।
10. दिनांक 20/12/2017 को जिला प्रशासन के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के करियर उन्नयन के लिए नई दिशाएं कार्यक्रम के तहत दिल्ली से आए विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिसमें जिला–बलौदाबाजार के कलेक्टर श्री राजेश सिंह राणा ने उपस्थित होकर छात्र–छात्राओं को अमूल्य जानकारी प्रदान की तथा रोजगार से संबंधित सभी शंकाओं का समाधान किया।